रेलवे भर्ती कक्ष
उत्तर पश्चिम रेलवे, जयपुर

पावर हाउस रोड, जयपुर–302006

वेबसाईट www.nwr.indianrailways.gov.in & rrcjaipur.in

सं. 740ई/आरआरसी/जीडीसीई/2023/परिणाम दिनांक 01.01.2024

***

सामान्य विभागीय प्रतियोगी परीक्षा केटेगरी संख्या 01 सहायक लोको पायलट के रिक्त पदों के सम्बन्ध में रोजगार सूचना संख्या 01/2023 जीडीसीई (सामान्य विभागीय प्रतियोगी परीक्षा) दिनांक 24.03.2023 को अधिसूचित की गई थी।

केटेगरी संख्या 01 सहा. लोको पायलट के पदों हेतु दिनांक 22.07.2023 को ऑनलाइन परीक्षा का आयोजन किया गया। ऑनलाइन परीक्षा (CBT) में सफल रहे अभ्यार्थियों की मनोवैज्ञानिक परीक्षा (CBAT) दिनांक 18.08.2023 को आयोजित की गई। मनोवैज्ञानिक परीक्षा में सफल पाए गए अभ्यार्थियों का परिणाम दिनांक 28.08.2023 को जारी किया गया। ऑनलाइन परीक्षा में 70 प्रतिशत अंक व मनोवैज्ञानिक परीक्षा के 30 प्रतिशत अंकों को जोडकर बनाई गई मेरिट के आधार पर केटेगरी संख्या 01 सहा. लोको पायलट के लिए दस्तावेज सत्यापन हेतु अनन्तिम (प्रोविजनली) रूप से पात्र/सफल रहे अभ्यार्थियों में से मेरिट के आधार पर पात्र अभ्यार्थियों को दस्तावेज सत्यापन हेतु रेलवे भर्ती कक्ष, जयपुर में दिनांक 04.09.2023 से बुलाया गया था जिसमें से 238 रिक्तियों के विरूद्ध 235 पात्र अभ्यार्थियों को पैनल पर रखा गया। पैनल पर रही शॉर्टफॉल एवं रिप्लेसमेन्ट पैनल की डिमान्ड हेतु 36 अभ्यार्थियों का दिनांक 30.11.2023 को दस्तावेज सत्यापन का आयोजन किया गया था। दस्तावेज सत्यापन में सफल पाए जाने के उपरान्त दिनांक 06.12.2023 को 35 अभ्यार्थियों को पैनल जारी किया गया है।

प्रधान कार्यालय द्वारा पैनल पर रखे गए कर्मचारियों में से मेडिकल परीक्षण में आवश्यक चिकित्सा श्रेणी ए–1 हेतु फिट नहीं पाए, कुल 08 अभ्यार्थियों के एवज में रिप्लेसमेंट पैनल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए है। अतः दिनांक 30.11.2023 को अनुपस्थित रहने वाले अजा समुदाय के 01 अभ्यार्थी व रिप्लेसमेंट हेतु 08 रिक्तियों (सामान्य–05, ओबीसी–02, एससी–01) को भरने हेतु कुल 09 अभ्यार्थियों को दस्तावेज सत्यापन हेतु प्रोविजनली पात्र पाया गया है। इसके लिए अभ्यार्थी अधिसूचना में उल्लेखित सूचना अनुसार वांछनीय दस्तावेज यथाः शैक्षणिक, जाति, रेलवे सेवा संबंधी एवं अन्य (प्रत्येक दस्तावेज की दो–दो प्रतियां एवं चार पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ सहित) अद्यतन रखें, अगर कोई भी अभ्यार्थी पात्रतानुसार अधिसूचना में किए गए उल्लेख अनुसार दस्तावेज सत्यापन के समय, संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर पाते हैं तो ऐसे अभ्यार्थियों की पात्रता निरस्त की जा सकती है, जिसके लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।

दस्तावेज सत्यापन हेतु शॉर्टलिस्ट अभ्यार्थियों को दिनांक 08.01.2024 को रेलवे भर्ती कक्ष, जयपुर में अनिवार्य रूप से उपस्थित होना है।

रिप्लेसमेन्ट पैनल के लिए दस्तावेज सत्यापन हेतु पात्र पाए गए 09 अभ्यार्थियों का रोल नम्बर वाईज बनाया गया परिणाम नीचे दिया जा रहा है।

Roll No.	Roll No.	Roll No.
1230199	1230178	1230812
1230905	1230167	1230763
1230741	1230817	1230686

उपरोक्त परिणाम को तैयार करने में पूर्ण सावधानी बरती गई है, किंतु अनजानी भूल की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है। रेलवे भर्ती कक्ष, इसे सुधारने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

अध्यक्ष
रेलवे भर्ती कक्ष

सावधान : उम्मीदवारों को यह सलाह दी जाती है कि वो ऐसे असंवैधानिक तत्वों के चक्कर में ना पड़ें जो लिखित परीक्षा परिणाम के आधार पर पैसे लेकर नौकरी दिलाने का झूठा वादा करते है। भर्ती पूर्णतः योग्यता के आधार पर की जाती है तथा केवल योग्य एवं वास्तविक उम्मीदवारों को ही पैनल में शामिल किया जाता है।